# प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल

## अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक सूचना

- पी.ई.बी. द्वारा समस्त प्रवेश, पात्रता एवं भर्ती परीक्षाएँ ऑनलाईन प्रणाली से आयोजित की जाती है ।
- किसी भी परीक्षा के संबंध में विभाग द्वारा अंतिम निर्णय लिये जाने के उपरान्त ही पी.ई.बी. परीक्षा आयोजित करता है ।
- आवेदन पत्र भरने से पूर्व अभ्यर्थी भली-भांति पी.ई.बी. की वेबसाईट पर उपलब्ध संबंधित परीक्षा की नियम पुस्तिका का अवलोकन करें तथा यह सुनिश्चित करें कि आप संबंधित परीक्षा की सभी अर्हताओं को पूर्ण करते है, तत्पश्चात् ही आवेदन पत्र भरे ।
- आवेदकों से ऑनलाईन आवेदन पत्र एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त किये जाते हैं।
- क्योस्क के माध्यम से आवेदन करने पर अभ्यर्थियो को परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त रू. 70/- पोर्टल चार्जेस देय होता है । अभ्यर्थी स्वयं भी एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करके, प्राप्त लॉगईन आई.डी. से आवेदन कर सकता है, इस हेतु उसे रू. 40/- पोर्टल चार्जेस देय होगा ।
- आवेदन पत्र में अभ्यर्थी का नाम, उपनाम, जन्मतिथि एवं माता-पिता/पति का नाम अपरिवर्तनीय प्रविष्टि (Vital field) है। आवेदन पत्र भरने पर क्योस्क द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रिंट में उपरोक्त प्रविष्टियों में त्रुटि परिलक्षित होने पर सुधार हेतु निर्धारित समय-सीमा में आवेदक को त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त करते हुए नया आवेदन पत्र भरना होगा ।
- यह आवेदक की स्वयं की जिम्मेवारी है कि वह अपना आवेदन पूरी तरह सावधानी के साथ भरे ।
- आवेदन पत्र में अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि होने पर नियम पुस्तिका में उल्लेखित प्रक्रिया अनुसार आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार निर्धारित समय-सीमा में सम्भव होगा अर्थात् आवेदन भरने के 5 दिन के भीतर।
- प्रविष्टि में परिवर्तन पी.ई.बी. स्तर पर सम्भव नहीं है, ऐसे आवेदन पत्र पी.ई.बी. द्वारा अमान्य किये जाते हैं ।
- कतिपय अभ्यर्थी टी.ए.सी. में त्रुटि परिलक्षित होने पर परिवर्तन हेतु आवेदन करते हैं, जबकि यह त्रुटि उनके द्वारा आवेदन पत्र भरने में की गई त्रुटि एवं समय-सीमा में सुधार न करने का परिणाम होती है, अत: इस संबंध में कोई भी आवेदन/पत्राचार तत्समय पी.ई.बी. द्वारा मान्य किया जाना सम्भव नहीं होता है ।
- समूह परीक्षाओं में कतिपय स्थितियाँ ऐसी बन सकती है जिसमें अलग-अलग पदों/प्रश्न-पत्र होने पर पृथक-पृथक प्रवेश-पत्र (TAC) जारी किए जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न-पत्र हेतु अभ्यर्थी को तत्संबंधी प्रवेश-पत्र (TAC) लेकर जाना आवश्यक होगा ।

- नि:शक्तजन को नियमानुसार सुविधा प्राप्त करने हेतु आवेदन समस्त निर्धारित दस्तावेजों के साथ परीक्षा की प्रारंभ तिथि से 10 कार्य दिवस पूर्व पी.ई.बी. में जमा करना अनिवार्य होगा, तभी इस तरह के आवेदन पत्रों पर विचार किया जाना सम्भव होगा ।
- अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर नियम पुस्तिका में उल्लेखित निर्धारित रिपोर्टिंग समय पर पहुंचना अनिवार्य है ।
- परीक्षा दिनांक को अभ्यर्थी निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर पी.ई.बी. की अधिकृत वेबसाईट से डाउनलोड किया गया प्रवेश पत्र (TAC), मूल पहचान पत्र, काला बाल पाईंट पेन ले जाना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई दस्तावेज/इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस/मोबाईल ना ले जावे ।
- अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा कक्ष में प्रथम लॉगिन पश्चात् कम्प्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित परीक्षा निर्देशों को भली-भांति पढ़ लेना चाहिए, ताकि उसे परीक्षा देने में किसी प्रकार की असुविधा न हो ।
- किसी भी तकनीकी त्रुटि होने के कारण परीक्षा प्रारंभ होने में विलंब होने की स्थिति में भी सभी अभ्यर्थियों को प्रश्न-पत्र हल करने हेतु निर्धारित समयावधि उपलब्ध कराई जाती है, अत: ऐसी स्थिति में अभ्यर्थियों को बिना किसी चिंता के परीक्षा संचालन में पूर्ण सहयोग करना चाहिए ।
- अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा देने की समयावधि के समस्त क्रियाकलाप का लॉग के रूप में डेटा सुरक्षित किया जाता है, अत: अभ्यर्थी द्वारा दी गई परीक्षा का सम्पूर्ण विवरण पी.ई.बी. के पास सुरक्षित रहता है।
- अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा में कम्प्यूटर पर अंकित किये गये उत्तरों को सबमिट किये जाने के पश्चात् प्रदर्शित स्कोर एवं उसको प्राप्त अंतिम स्कोर में अन्तर सम्भावित है, इसका कारण मॉडल कुंजी एवं अंतिम कुंजी में अन्तर और एक से अधिक पाली (मल्टीशिफ्ट) में परीक्षा होने के कारण किया गया नार्मलाईजेशन हो सकता है। उपरोक्त दोनों प्रक्रियाओं का विवरण पी.ई.बी. की वेबसाईट पर उपलब्ध कराया जाता है।
- पी.ई.बी. द्वारा एक से अधिक पाली में आयोजित परीक्षाओं के प्रश्न-पत्रों का स्तर एक समान रखने का यथा सम्भव प्रयास किया जाता है तथापि विभिन्न पाली के प्रश्न-पत्रों के कठिनाई स्तर की भिन्नता के प्रभाव को निष्क्रिय करने हेतु नार्मलाईजेशन प्रक्रिया अपनाई जा रही है, ताकि परीक्षा में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों को समान अवसर प्रदान किया जा सके ।
- पात्र अभ्यर्थियों को संबंधित विभाग द्वारा यात्रा भत्ता का भुगतान किया जाता है, अत: इस संबंध में किसी भी शिकायत का निवारण संबंधित विभाग द्वारा ही किया जाना सम्भव होगा न कि पी.ई.बी. द्वारा ।

- पी.ई.बी. का कार्य क्षेत्र केवल विभाग की मांग पर परीक्षा का आयोजन कर परीक्षा परिणाम संबंधित विभाग को उपलब्ध कराने तक सीमित है। नियुक्ति संबंधी कार्यवाही का सम्पूर्ण दायित्व संबंधित विभाग का है ।

उपरोक्त बिन्दुओं से स्पष्ट है कि पी.ई.बी. द्‌वारा विभागों के मांग पत्रों के आधार पर प्रवेश, पात्रता, चयन एवं भर्ती परीक्षाएँ पूर्ण पारदर्शी एवं उत्कृष्ट तकनीकी मापदण्डो के अनुरूप आयोजित की जाती है।

जिनकी सुरक्षा एवं शुचिता का यथासंभव प्रयास किया जाता है, अत: इस संबंध में अगर किसी के द्‌वारा अवांछित लाभ उपलब्ध कराने का दावा किया जाता है तो अभ्यर्थी से अपेक्षित है कि वह इसकी सूचना समस्त जानकारियों सहित तत्काल पी.ई.बी. कार्यालय को प्रदान करें। परीक्षा से संबंधित अवांछित गतिविधियों में सम्मिलित होने / सहयोग प्रदान करने / तथ्य छुपाने पर संबंधित के विरूद्‌ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही का प्रावधान है।

नियंत्रक
प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड
भोपाल